**कर्मचारी राज्य बीमा निगम**
**(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय,**
**भारत सरकार )**
**EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION**
**(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)**

क.रा.बी.नि.
ESIC

सत्यमेव जयते

**क्षेत्रीय कार्यालय/ REGIONAL OFFICE,**
**पंचदीप भवन, सर्वोदय नगर, कानपुर-208005**
**PANCHDEEP BHAWAN, SARVODAYA NAGAR, KANPUR-208005**
**Phone: 0512-2217957**
**Email:** rd-up@esic.nic.in

पत्र सं. 21-A-36/23/13/2/2021-Estt दिनांक- 16-07-2025

## परिपत्र

प्रवर श्रेणी लिपिक संवर्ग के वह कार्मिक जिनकी नियुक्ति कारुण्य आधार/ स्पोर्ट्स कोटा के अंतर्गत हुई है, को सूचित किया जाता है कि मुख्यालय पत्र सं. A-12023/2/2023-Exam. दि. 14.07.2025 में दिए गए निर्देशानुसार दिनांक 20.08.2025 को छःमाही कम्प्यूटर स्किल टेस्ट परीक्षा का आयोजन किया जाना है । अतः सभी संबंधितों को निर्देश दिए जाते हैं कि वह उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए **दि. 18.07.2025 को अपराह्न 05.00 बजे** तक ई-मेल anurag.kumar@esic.nic.in तथा alokk.rai@esic.nic.in पर अपना आवेदन कम्प्यूटर स्किल टेस्ट परीक्षा का माध्यम (हिन्दी/ अंग्रेजी) सहित अनिवार्य रूप से प्रेषित करें ।

निर्धारित तिथि तक आवेदन प्राप्त न होने की दशा/स्थिति में आपको उपरोक्त परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जाएगा । जैसा कि कारुण्य आधार/ स्पोर्ट्स कोटा के अंतर्गतनियुक्त किए गए कार्मिकों को जारी नियुक्ति प्रस्ताव में भी उल्लिखित है कि "नियुक्ति की तारीख से 6 माह की अवधि के अंदर आफिस सूट व डाटाबेस सहित कम्प्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान अर्जित करना आवश्यक होगा । ऐसा न करने पर उनके विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी ।"

उत्तर प्रदेश क्षेत्र के समस्त उप क्षेत्रीय कार्यालय/ कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल/ क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के कार्यालयाध्यक्ष व शाखाधिकारी तथा क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के अतंर्गत आने वाले सभी शाखा कार्यालयों/औषधालय सह शाखा कार्यालयों के शाखा प्रबंधक/प्रभारी अपने अधीनस्थ कारुण्य आधार/ स्पोर्ट्स कोटा के अंतर्गत नियुक्त प्रवर श्रेणी लिपिक संवर्ग के समस्त कार्मिकों को इसका अवलोकन करा दें तथा इसकी पुष्टि हेतु हस्ताक्षर प्राप्त करना सुनिश्चित करें ।

यह परिपत्र क्षेत्रीय निदेशक महोदय के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है ।

Digitally signed by
Anurag Kumar
Date: 16-07-2025
13:58:23
(अनुराग कुमार)
उप निदेशक (स्थापना-I)

प्रतिलिपिः-
1. उप निदेशक (प्रभारी), उप क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, नोएडा/ लखनऊ/ वाराणसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।
2. चिकित्सा अधीक्षक, क.रा.बी. निगम अस्पताल, जाजमऊ, कानपुर/ बरेली/ लखनऊ/ वाराणसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।
3. समस्त शाखाधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।
4. क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के अधीन समस्त शाखा कार्यालय/औषधालय सह शाखा कार्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।
5. शाखाधिकारी, आई.टी. शाखा, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि इस कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करें ।
6. क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर के सभी नोटिस बोर्ड ।